**DESCRIPTION OF IMMOVABLE PROPERTY)PROPERTIES MORTGAGED:** All That Piece And Parcel Of Flat No.201, 2nd Floor, "Shell Apartment", Plot No.18, "Sarv Sampann Nagar", Village Bhicholi Hapsi, Tehsil & Dist. Indore, Measuring 1000 Sq. Ft And **Bounded As:- East:**Road **West:** Plot No. 19 **North:** Road **South:** Flat No.202 & 203.

We hereby call upon the borrower stated herein to pay us within 60 days from the date of this notice, the outstanding amount (s)together with further interest thereon plus cost, charges, expenses, etc. thereto failing which we shall be at liberty to enforce the security interest including but not limited to taking possaession of and selling the secured asset entirely at your risk as to the cost and consequences.
Please note that as per section 13(13) of the SARFAESI Act, all of you are prohibited from transferring by way of sale, lease orotherwise, the aforesaid secured assets without prior written consent of the Company. Any contravention of the said section by you shall invoke the penal provisions as laid down under section 29 of the SARFAESI Act and / or any other legal provision in this regard.
Please note that as per sub-section (8) of section 13 of the Act, if the dues of ABHFL together with all costs, charges and expenses incurred by ABHFL are tendered to ABHFL at any time before the date fixed for sale or transfer, the secured asset shall not be sold or transferred by ABHFL, and no further step shall be taken by ABHFL or transfer or sale of that secured asset.

**Date: 14.05.2025**
**Place: INDORE**
**Sd/- Authorised Officer**
**(Aditya Birla Housing Finance Limited)**

## एक नजर

### महाराष्ट्र सरकार भी अहिल्या की जन्मस्थली पर करेगी कैबिनेट बैठक

**भोपाल,(निप्र)।** कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार के साथ हुए एमओयू के तहत आने वाले समय में दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए साझा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सभी ज्योतिर्लिंग को जोड़ने के लिए एक सर्किट बनाया जाएगा। वीर पुरुषों के इतिहास को सहेजने के लिए उसका डिजिटाइजेशन किया जाएगा। दोनों राज्यों के महापुरुषों पर आधारित नृत्य नाटिका और फिल्म निर्माण किए जाएंगे। महाराष्ट्र सरकार भी मध्यप्रदेश की तर्ज पर माता अहिल्या की जन्मस्थली, पुणे के समीप स्थित गांव में कैबिनेट बैठक करेगी। साथ ही महेश्वर के साड़ी उद्योग को विकसित करने के लिए दोनों प्रदेश मिलकर प्रयास करेंगे। भगवान कृष्ण ने महाराष्ट्र में जहां लीला की उन स्थानों को भी डेवलअप किया जाएगा।

### हादसे के बाद जागी भोपाल यातायात पुलिस

स्कूल बसों की विशेष चेकिंग के लिए सड़क पर उतरी

भोपाल,(निप्र)। भोपाल के बाणगंगा चौराहे पर हुए दर्दनाक बस हादसे के बाद यातायात पुलिस हरकत में आ गई है। मंगलवार सुबह से ही राजधानी में स्कूली बसों पर सख्ती शुरू हो गई। शहर के 19 प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें फिटनेस, बीमा, रजिस्ट्रेशन, परमिट, स्पीड गवर्नर, ड्राइवर की योग्यता और बसों की तकनीकी स्थिति की गहन जांच की गई। पुलिस उपायुक्त यातायात संजय कुमार सिंह ने बताया कि बाणगंगा हादसे के बाद हमने तय किया कि सिस्टम में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जाएगी। शहर के 19 प्रमुख पॉइंट्स पर चेकिंग की गई। जिसमें बोर्ड ऑफिस चौराहा, गणेश मंदिर चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, रायसेन रोड, भदभदा चौराहा, वीआईपी रोड,शाहपुरा,चूनाभट्टी और कोलार के साथ अशोका गार्डन में भी समान रूप से अभियान चलाया गया।

### पत्नी के अफेयर से आहत युवक ने की आत्महत्या मरने से पहले परिजनों को भेजा वीडियो

भोपाल,(निप्र)। भोपाल के बैरागढ़ इलाके में एक युवक ने अपनी पत्नी के अवैध संबंध से आहत होकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या से पहले युवक ने एक वीडियो भी बनाया है, जिसमें उसने आत्महत्या करने की बात कहते हुए अपनी मौत का जिम्मेदार पत्नी और उसकी मां को बताया है। युवक ने पत्नी पर बॉयफ्रेंड के साथ रहने का आरोप लगाया, साथ ही उसकी मां पर घर बिगाड़ने का आरोप लगाया है। वीडियो में युवक कहता नजर आया कि, उसके घर वालों को कुछ नहीं होना चाहिए। पत्नी के अफेयर और अवैध संबंध से आहत होकर जान देने वाले युवक का नाम गोलू मीणा बताया जा रहा है। उसने बीते दिन सोमवार को आत्महत्या की थी। जारी वीडियो में मृतक युवक ने आरोप लगाया था कि, पत्नी अपने बॉयफ्रेंड के साथ रहती है,और पत्नी की मां ने उसका घर बिगाड़ा है। बैरागढ़ इलाके के नंद नगर में युवक ने आत्महत्या की है।आत्महत्या से पहले गोलू मीणा ने एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने आत्महत्या का जिम्मेदार अपनी पत्नी मुस्कान मीणा और उसकी मां को बताया। जानकारी के मुताबिक, मृतक गोलू प्राइवेट नौकरी करता था। 3 साल पहले उसने मुस्कान से प्रेम विवाह किया था। सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर उसने अपने भाई बहन को भेजा था।

# कल जारी होगी लाड़ली बहना योजना की किस्त

### फिर खाते में आएंगे 1250 रुपए

**भोपाल,(निप्र)।** 15 मई को सीधी से सीएम डॉ. मोहन यादव 24वीं किस्त के 1250 रुपए जारी कर सकते है। इसी दिन 25 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की भी राशि जारी की जाएंगी। 15 मई को सीएम डॉ. मोहन यादव सीधी जिले के मंझौली से बहनों के खाते में किस्त जारी करेंगे। इस दिन राज्य स्तरीय लाड़ली बहना योजना का सम्मेलन बुलाया गया है, जिसमें सीएम जिलें को भी करोड़ों रुपए की सौगात देंगे और बहनों से संवाद करेंगे। हालांकि अभी फाइनल डेट को लेकर अधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।




आमतौर पर हर महीने की 10 तारीख तक योजना के पैसे बहनों के खाते में भेज दिए जाते है लेकिन अप्रैल 2025 से तारीख में बदलाव किया गया है।मार्च 2025 तक हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच योजना की राशि जारी कर दी जाती थी लेकिन अप्रैल में कैबिनेट बैठक के दौरान मोहन सरकार ने फैसला किया था कि वह प्रतिमाह 15 तारीख के आसपास बहनों के खाते में राशि भेजेगी। यही कारण था कि अप्रैल में 16 तारीख को 23वीं किस्त के 1250 रुपए भेजे गए थे और अब अगली किस्त भी 15 तारीख तक जारी होने का अनुमान है।

# एक-दूसरे से जोड़ेंगे एमपी और महाराष्ट्र के ज्योतिर्लिंग

■ मोहन कैबिनेट का बड़ा फैसला ■ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन सरकार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई है। कैबिनेट में लिए फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि एमपी और महाराष्ट्र के ज्योतिलिंर्गों को एक-दूसरे से जोड़ा जाएगा।

कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पूरी कैबिनेट की ओर से बधाई दी है। सीएम ने कहा, यह कार्रवाई तकनीक के बेहतरीन उपयोग और तीव्र गति से की गई योजना का परिणाम है। जिसे विश्वभर ने भारत के बदलते नेतृत्व की क्षमता को देखा है। सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों के सभी जवानों को भी शुभकामनाएं दीं।

**77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी**-कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 मई तक राज्य के 3475 खरीद केंद्रों पर 9 लाख किसानों से गेहूं खरीदा गया है। अब तक कुल 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है, जिसमें से 74.42 लाख मीट्रिक टन का भंडारण हो चुका है। किसानों को 18,471 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है और बाकी 400 करोड़ रुपए का भुगतान जल्द ही किया जाएगा।

मप्र और महाराष्ट्र के बीच एमओयू

ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज को लेकर महाराष्ट्र सरकार के साथ एमओयू हुआ है। भविष्य में में दोनों राज्यों के बीच रोजगार, व्यापार, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

लोकमाता अहिल्या बाई का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था। उनके स्थान का डेवलप करना। प्रसन्नता है कि जिस प्रकार हमने इंदौर में मां साहब के 300 सौ वर्ष पूरे होने पर कैबिनेट करने का निर्णय लिया है। उसी प्रकार महाराष्ट्र की सरकार भी पुणे के पास मां अहिल्या के जन्म स्थान है। वहां कैबिनेट करेंगे। महाराष्ट्र सरकार के द्वारा एक अच्छा मां अहिल्या के प्रति ट्रिब्यूट है।

16 मई को इंदौर में रीजनल ग्रोथ कॉन्क्लेव तथा मैनमेड टेक्निकल टेक्सटाइल एक्सपो का आयोजन मैरियट होटल में होगा। 14 मई को बेंगलुरु में अर्थ मोर्स लिमिटेड परियोजना में सीएम मोहन यादव भाग लेंगे। इस योजना के माध्यम से 1800 करोड़ का निवेश होगा। गोहरगंज रायसेन में मेट्रो रेल के कोच बनेंगे। 20 मई को इंदौर के राजवाड़ा में कैबिनेट बैठक होगी। इसमें विजन 2047 के लिए मंत्रिमंडल के सामने प्रस्तुतीकरण होगा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में एमपी का अच्छा प्रदर्शन रहा है। 9 स्वर्ण, 5 रजत , 10 कांस्य समेत कुल 24 पदक के साथ 6वें स्थान रहा है। पिछले 10 सालों में मध्यप्रदेश ने खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया। हाथियों से जनजीवन को बचाने के लिए 47 करोड़ की योजना। इसमें किसानों को हाथियों से बचने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

### सीएम की मौजूदगी में इंदौर में 16 मई को रीजनल ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई ऊंचाई देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव बुधवार 14 मई को बेंगलुरु में सीइन्वेस्ट इन एमपीसी सत्र में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव बीईएमएल (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड) परिसर का भ्रमण करेंगे। इसके साथ ही 2100वें मेट्रो कोच के लोकार्पण समारोह में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश विषय पर आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन को संबोधित कर राज्य की औद्योगिक क्षमताओं और नीतिगत प्रतिबद्धताओं को देश के अग्रणी निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद 16 मई को इंदौर में रीजनल ग्रोथ कॉन्क्लेव का भी आयोजन होगा। इसमें टेक्सटाइल एक्सपो होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेंगलुरु पहुंचने के बाद बीईएमएल परिसर जाएंगे, जहां उनका स्वागत बीईएमएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक और बोर्ड के सदस्यों द्वारा किया जाएगा।

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दी कांग्रेसियों को इतिहास पढ़ने की सलाह

**भोपाल,(निप्र)।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच सीजफायर होने पर कांग्रेस द्वारा एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद किए जाने पर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति दुनिया में नहीं होता। तब उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा जरूर करनी चाहिए। लेकिन उससे जुड़े विवादित फैसलों को भी भुलाया नहीं जा सकता। विजयवर्गीय ने कहा कि व्यक्ति जब नहीं रहता तो उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा करनी चाहिए। पर उसके द्वारा लिए गए कई फैसले भी हमें याद आते हैं। धारा 370 क्यों और किसने लगाई थी, ये भी याद रखना चाहिए। कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय ने इमरजेंसी, पीओके और कश्मीर के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि अगर, उस समय युद्धविराम नहीं होता और पंडित जवाहरलाल नेहरू संयुक्त राष्ट्र में नहीं जाते तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पीओके कभी नहीं बनता। इमरजेंसी क्यों लगी, ये भी देश को याद है। कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि अगर, हम इतिहास की चर्चा करने बैठे तो बातें बहुत दूर तक जाएंगी। कांग्रेस को बड़ी समझदारी से काम करना चाहिए। बता दें पाकिस्तान के साथ सीज फायर को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी याद आने की बात की है।



### भोपाल बस हादसा...

# कार्रवाई से बचने के लिए स्कूल ने किया फर्जीवाड़ा

भोपाल,(निप्र)। भोपाल के बाणगंगा चौराहे पर सोमवार को हुए बस हादसे के बाद इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की सोसाइटी ने कार्रवाई से बचने के लिए फजीर्वाड़े किया है। पुलिस जांच में इसका खुलासा भी हो गया है। जांच में सामने आया है कि स्कूल बस हादसे के बाद एक दिन पहले की तारीख में ह्यक्रेता-विक्रेताह्न का शपथ पत्र बनवा लिया गया। ताकि जिम्मेदारी से बचा जा सके। पुलिस ने इस गंभीर मामले में दो लोगों पर मामला दर्ज किया है।

टीटी नगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की बस से हुए हादसे के बाद जब जांच शुरू हुई तो दस्तावेज खंगाले गए। इस दौरान पाया गया कि दुर्घटना के तुरंत बाद, बैकडेट में दस्तावेज तैयार किए गए। इसमें प्रवेश नागर को क्रेता और प्रदीप पांडे को विक्रेता दशार्या गया। यह संभावना है कि दस्तावेजों में दी गई तारीख हादसे के बाद ही बनाई गई है। पुलिस ने इसे दस्तावेजी फजीर्वाड़ा मानते हुए दोनों पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, हादसे के मुख्य आरोपी बस ड्राइवर विशाल बैरागी फिलहाल फरार है।

# 16 मई तक बदला रहेगा मौसम का मिजाज जारी रहेगा आंधी बारिश का दौर

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में एक साथ एक्टिव कई सिस्टम की वजह से मई महीने में लगातार आंधी-बारिश का दौर चल रहा है। भोपाल में भी मंगलवार को दोपहर बाद करीब आधा घंटा हल्की बारिश हुई। इसके अलावा बड़वानी, छिंदवाड़ा, सिवनी, धार, पांढुर्णा, अलीराजपुर, देवास, सीहोर, हरदा, बुरहानपुर, डिंडोरी, अनूपपुर और सागर में मौसम बदला रहा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-उज्जैन समेत 7 संभाग के 38 जिलों में मौसम विभाग का अलर्ट जारी किया गया है। रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग के जिलों में मौसम साफ रहेगा और तेज गर्मी बढ़ेगी।

**दो दिन और बदला रहेगा प्रदेश का मौसम**-मौसम विभाग के अनुसार 16 मई तक प्रदेश में आंधी, बारिश का अलर्ट है। जिन जिलों में सिस्टम की एक्टिविटी नहीं रहेगी। वहां गर्मी बढ़ जाएगी। उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर-चंबल में आंधी-बारिश के साथ गर्मी का असर भी बना रहेगा। मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक ने बताया कि वर्तमान में कुछ सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मौसम बदला है। 16 मई तक हल्की बारिश गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद गर्मी का असर बढ़ सकता है।

### ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत, 40 वर्षीय युवक की नहीं हो पाई पहचान

विदिशा,(निप्र)। विदिशा रेलवे स्टेशन पर देर रात एक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति का शव विक्षिप्त हो गया। जीआरपी ने शव के टुकड़ों को इकट्ठा किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। मृतक के पास कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिले। दुर्घटना में चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण पहचान करना मुश्किल हो गया है। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि व्यक्ति पटरी पार कर प्लेटफॉर्म पर चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

# विदिशा में एक घंटे तक हवा के साथ बारिश

### दिन में तेज धूप से परेशान रहे

**विदिशा,(निप्र)।** विदिशा में मंगलवार को मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। दोपहर में आसमान में घने बादल छाए और तेज हवाएं चलने लगीं। शुरूआत में कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। दोपहर 3 बजे के बाद तेज हवाओं के साथ करीब एक घंटे तक बारिश हुई। बारिश के कारण कुछ इलाकों में जल भराव की स्थिति बन गई। सुबह से मौसम साफ था और तेज धूप से लोग परेशान थे। दोपहर में हुई बारिश से मौसम में ठंडक आ गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा था।मौसम वैज्ञानिक सत्येंद्र सिंह के अनुसार, विदिशा में 18 तारीख तक बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान आसमान में घने बादल छाए रहेंगे। 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलेंगी। गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।



# आउटसोर्स कर्मचारियों का प्रदर्शन :11 महीने का वेतन नहीं मिलने पर सौंपा ज्ञापन

**विदिशा,(निप्र)।** विदिशा जिला चिकित्सालय के आउटसोर्स कर्मचारियों ने आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रथम नेशनल सिक्योरिटी सर्विस के कर्मचारियों को 10 अक्टूबर 2023 से 10 सितंबर 2024 तक का वेतन और पीएफ नहीं मिला है।सुरक्षा गार्ड, वार्ड बॉय और सफाई कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें कलेक्ट्रेट दर पर वेतन और पीएफ का भुगतान किया जाना था। लेकिन कंपनी वेतन दो-तीन महीने में एक बार दे रही है। पीएफ की राशि तो एक साल से एक बार भी जारी नहीं की गई है। कर्मचारियों के प्रतिनिधि मोहित और संजय ने बताया कि वेतन नहीं मिलने से उनके परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस साल टेंडर दूसरी कंपनी को दिया गया है। कर्मचारियों ने मांग की है कि जब तक प्रथम नेशनल कंपनी उनका बकाया भुगतान नहीं करती, तब तक उसका भुगतान रोका जाए। विदिशा में प्रथम नेशनल कंपनी पहले भी विवादों में रही है। कर्मचारी कई बार वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। कर्मचारियों ने कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की मांग भी की है। लेकिन प्रशासन ने अब तक कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं की है।



### रांका का निधन

आष्टा,(निप्र)। लाभमल रांका का निधन हो गया। शवयात्रा उनके बुधवारा स्थित निवास से मुक्तिधाम ले जाई गई। उनके पुत्रों,पौत्रों ने मुखाग्नि दी। शवयात्रा में काफी संख्या में समाजजनों, स्नेहीजनों आदि ने शामिल होकर अंतिम बिदाई दी। रांका के आकस्मिक निधन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जनपद पंचायत अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान,नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार,नपा उपाध्यक्ष सिद्धिका भूरू भाई, श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा, पारसमल सिंघवी, प्रेम राय मामा,लोकेंद्र बनवट, विजय देशलहरा, आदि ने शौक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, नेपानगर**
**जिला बुरहानपुर (म०प्र०)**

cmonepanagar@mpurbangov.in

क्रमांक/न.पा./ यो.शा/ 2025/883 नेपानगर, दिनांक 09/05/20025

**सूचना विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2001 सितम्बर 2024 से 05 वर्षों के लिये लागू की गई है, जिसमें नगर पालिका परिषद नेपानगर क्षेत्र.14.15.22 23 एवं 24 वालों में कुल 14 हितग्राहियों के आवेदन स्वीकृत पर पाया गये है। इस संबंध में सूची नगर पालिका एवं तहसील कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है स्वीकृत सूची के संबंध मे आम आदमी अपनी दावा / आपत्ति 15 दिवस के भीतर निकाय कार्यालय में प्रस्तुत करे, समयसीमा के पश्चात प्राप्त होने वाली दावा / आपरियो पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा उक्त दावा / आपत्ति स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नेपानगर

**उजास एनर्जी लिमिटेड**
CIN : L35201MP1999PLC013571
ujaas
पंजीकृत कार्यालय : सर्वे नं. 211/1, सेक्टर सी व मेटलमैन के सामने सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, इन्दौर - 452015 (म.प्र.)
फोन : 0731-4673788 फैक्स : 0731-4715344
ईमेल: cs@ujaas.com वेबसाईट: www.ujaas.com

**स्थगित असाधारण आम बैठक की सूचना**

एत्द्वारा सूचना दी जाती है कि **उजास एनर्जी लिमिटेड** ("कंपनी") के सदस्यों की प्रथम असाधारण आम बैठक (ईजीएम) **जो मंगलवार, 13 मई, 2025 को अपराह्न 2:30 बजे** पंजीकृत कार्यालय सर्वे संख्या 211/1, सेक्टर–सी एवं मेटलमैन के सामने, सांवेर रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर–452015 (म.प्र.) **में आयोजित होने वाली थी।** कोरम के अभाव में स्थगित कर दी गई हे और **अब मंगलवार, 20 मई, 2025 को अपराह्न 2:30 बजे** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी, ईजीएम के आयोजन के नोटिस में निर्दिष्ट अनुसार व्यवसाय का संचालन करने के लिए, जिसे कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार शेयरधारकों को अनुमत माध्यम से भेजा गया था।
यदि आपके कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप नीचे दिए गए व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं:
नाम : सर्वेश दीवान
पद : कंपनी सचिव
पताः सर्वे नंबर 211/1, ओपी सेक्टर–सी, और मेटलमैन, सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र, इंदौर (म.प्र.)–452015 ई–मेल आईडीः cs@ujaas.com फोन : 0731–4673788

उजास एनर्जी लिमिटेड के लिए
हस्ते/-
सर्वेश दीवान
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एसीएस नं. ए70139

दिनांक : 13 मई 2025
स्थान : इंदौर
C/o/n/v/e/y

**In The Court Of Principal District and Session Judge, District Court, Burhanpur Presiding Officer : श्रीमती आशिता श्रीवास्तव**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000002/2023)

P-N. 1772
09/05/27

आरिफ मोहम्मद खान..वादी
Vs
मेमुनाबी...प्रतिवादी

Process Id-/2025
पेशी दिनांक 17/06/2025

प्रेषिती-
((1) मेहदस खान पिता खालिक मोहम्मद खान पता निवासी शंहशाह बाबा की दरगाह के पास सिंधीपुरा जिला बुरहानपुर मप्र (2) शाह मोहम्मद खान पिता खालिक मोहम्मद खान पता निवासी शंहशाह बाबा की दरगाह के पास सिंधीपुरा जिला बुरहानपुर मप्र (3) संजीदा बनो पति शकील अहमद खान पता- निवासी कमल टाकिज के पीछे जिला बुरहानपुर मप्र
यह कि प्रार्थी आरिफ मोहम्मद खान ने आपके विरूद्ध नयमित व्यवहार अपील अंतर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 09 May 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

श्रीमती आशिता श्रीवास्तव
प्रथम जिला न्यायाधीश जिला बुरहानपुर म.प्र.

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश**
**जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक INDLP26032508923/ दिनांक/13/ MAY/2025

क्र./1663 दिनांक 13/MAY/2025

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती / मेसर्स (MAHESH YADAV ) -- 1- SHRI MUKESH S/O SHRI PRAHALAD DAS YADAV 2- CHANDRASHEKHAR S/O SHRI PRAHALAD DAS YADAV 3- MAHESH S/O SHRI PRAHALAD DAS YADAV 4. OMPRAKASH S/O SHRI PRAHALAD DAS YADAV 5- Smt BRUJRANI W\O LATE SHRI RAMESHCHANDRA YADAV 6. LOKESH S\O LATE SHRI RAMESHCHANDRA YADAV 7. VISHWAS WO LATE SHRI RAMESHCHANDRA YADAV TARFE DEVELOPERS M/S VIBRANT DEVCON LLP TARFE PARTNER SHRI VIVEK DAMMANI S/O LATE SHRI GORDHANDAS DAMMANI द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-
(क) परियोजना का नामः- VIBRANT KRISHNAYAN CORRIDOR PHASE - 1 "
(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम **Tigariya badshah (og)** तहसील Malharganj व जिला Indore की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 315, 344/2, 345/2 कुल रकबा 2.568 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।
(ग) विकास का प्रयोजनः- RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT PLOTTED HOUSING (घ) स्वीकृति क्रमांक **INDLP290922348** दिनांक 2023-01-05
पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति,उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx?RefApp=eqQ1CwWiIU1663 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश जिला इन्दौर (म.प्र.)

**परिशिष्ट ट**
**प्रारूप-ण**
**(नियम 22 (क) (6) देखिए )**
**धारा 30 - क के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक INDLP15012539174/ दिनांक / 13/MAY /2025

क्र./1659/नग्रानि/Indore दिनांक 09/MAY /2025

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतदद्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती / मेसर्स ( **SANJAY KASLIWAL)--M/S SUNMEX INFOCOM PVT. LTD. TARFAE DIRECTOR SANJAY KASLIWAL S/O SHRI SANAT KUMAR KASLIWAL, JITENDRA PATEL S/O SHRI NARAYAN PATEL** जो नगर / ग्राम Bhamori Dube के खसरा क्रमांक हेतु आदेश क्रमांक 6545 दिनांक 2009-12-19 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित **COMMERCIAL, LOCAL SHOPING CENTER** प्रयोजन के भू-खण्ड क्रमांक 400, 400 A को स्वामी हैं, और श्री/श्रीमती/ मेसर्स ( **SANJAY KASLIWAL)--M/S SUNMEX INFOCOM PVT. LTD. TARFAE DIRECTOR SANJAY KASLIWAL S/O SHRI SANAT KUMAR KASLIWAL, JITENDRA PATEL S/O SHRI NARAYAN PATEL** जो नगर / ग्राम Bhamori Dube के खसरा क्रमांक 261 में स्थित भूमि के हेतु आदेश क्रमांक 6545 दिनांक 2009-12-19 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित **COMMERCIAL, LOCAL SHOPING CENTER** प्रयोजन के भू-खण्ड अथवा नगर / ग्राम **Bhamori Dube** खसरा क्रमांक 261 रकबा 0.040163 भूमि जिसका भूमि उपयोग **COMMERCIAL** है, के स्वामी है द्वारा उपरोक्त भू-खण्ड / भू-खण्ड एवं भूमियों के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलियन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx?RefApp=BvVhH24nzZ1659 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मर्जर की जा रही भूमि / भूखण्ड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा **https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx** पर किया जा सकता है ।

संयुक्त संचालक,
नगर तथा ग्राम निवेश, इन्दौर मध्यप्रदेश,